प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

...........................

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया है। आज जयपुर में नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा आवश्यकता आने वाले समय में दुगुनी हो जाएगी। इसे पूरा करने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी काम आएगी। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान जल्द ही अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर देश के लिए ऊर्जा उपलब्ध करायेगा। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान का लक्ष्य हासिल करने में अक्षय ऊर्जा का विशेष योगदान है। श्री शर्मा ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा की, ऊर्जा संकट के समाधान के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका है। कार्यक्रम में केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद यशोनायक, राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित विभिन्न राज्यों के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री और आला अधिकारी मौजूद रहे।

...........................

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री जनमन पर जिलाधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में ग्रामीण विकास आवास, सड़क, छात्रावास, पेयजल, आंगनबाड़ियों तथा बहुउद्देश्यीय केंद्रों के संचालन पर विचार विमर्श किया जायेगा। सम्मेलन का उद्देश्य सुधार की संभावना वाले जिलों की प्रगति को सुगम बनाना और मिशन के उद्देश्यों को जल्द पूरा कर अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाना है। इसमें 18 राज्यों के कुल 88 जिले शामिल हो रहे है।

...........................

राज्य सरकार ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम–आरजीएचएस के तहत ओपीडी सेवाओं में सुधार के लिए नई छूट और निर्देश जारी कर दिए हैं। इनके अनुसार अब 75 वर्ष से अधिक आयु वाले और अस्पताल जाने में अक्षम कम आयु वाले मरीजों को भी दवाइयां लिखवाने अस्पताल नहीं जाना होगा। अब वे परिजनों के जरिये ओपीडी की सुविधा ले पाएंगे। इसके लिए परिजनों को संबंधित अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से सत्यापित प्रमाण पत्र लेना होगा। यह सुविधा उन निजी अस्पतालों पर भी लागू होगी, जो आरजीएचएस में अधिकृत हैं।

...........................

राज्य की मौजूदा सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में पशुपालन विभाग की ओर से प्रदेश भर में उष्ट्र रोग निदान और उपचार शिविर लगाये गये। पशुपालन निदेशक डॉ आनंद सेजरा ने बताया कि 34 जिलों में एक दिन में 129 शिविर लगाए गए जिनमें 35 हजार से ज्यादा पशुओं के विभिन्न रोगों का ईलाज किया गया। उन्होंने बताया कि इसके तहत जैसलमेर में 12, बाड़मेर में 11 तथा जोधपुर और बीकानेर में 10–10 शिविर आयोजित किए गए। डॉ. सेजरा ने कहा कि ऊंटों के अलावा अन्य पशुओं का भी इलाज किया गया।

...........................

भारतीय सेना के जवान, चूरू के सादुलपुर तहसील के ठिमाऊ बड़ी गांव निवासी सतीश कुमार स्वामी लद्दाख के द्रास ग्लेशियर में कल वीरगति को प्राप्त हो गए। वे गौरखा रेजीमेन्ट में कार्यरत थे। उनकी पार्थिव देह आज उनके गांव पंहुचने की संभावना है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक सोशल मीडिया संदेश में ईश्वर से शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति करने की कामना की है।

...........................

बालोतरा के मेगा हाईवे पर देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाईकिल पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। ये हादसा आसाड़ा गांव के पास हुआ। दोनों युवक टेलरिंग का काम करते थे और

दांखा गांव में ग्राहक को कपड़े देने के बाद लौट रहे थे। लौटते समय ये हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

..........................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढोतरी होने से लोगों को कडाके की ठण्ड से राहत मिली है। लगभग सभी स्थानों पर दिन का तापमान 25 डिगी या इससे ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं रात का तापमान 10 डिग्री सैल्सियस के आस–पास रहा। हालांकि सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले 24 घंटों में राज्य में कई स्थानों पर बारिश की संभावना हैं। इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट आने के आसार है।

..........................

राष्ट्रीय मौसम विज्ञान ओलंपियाड में, कोटा के राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम मल्टीपरपज स्कूल के छात्र जय नामा ने राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल शर्मा ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं जयंती पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में जय नामा को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। जय को मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने सम्मान प्रदान किया।

..........................